UPMB010012862021

<u>न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, (कोर्ट नं0–1), महोबा।</u>

सत्र वाद संख्या–291/2021

सरकार बनाम छत्रपाल यादव आदि

<u>05.12.2022</u>

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभियुक्तगण उपस्थित। अभियुक्त छत्रपाल यादव की ओर से प्रार्थना पत्र 33क मय शपथ पत्र माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आवेदन अन्तर्गत 482 संख्या–24025/2021 में पारित सम्मानित आदेश दिनांकित–19.11.2022 के साथ प्रस्तुत किया गया।

प्रार्थना पत्र 33क में अभियुक्त की ओर से उल्लेख किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के सम्मानित आदेश दिनांकित–19.11.2022 के अनुपालन में उचित आदेश पारित किया जाये।

न्यायालय द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आवेदन अन्तर्गत धारा–482 संख्या–24025/2021 में पारित सम्मानित आदेश दिनांकित–19.11.2022 का सम्यक रूपेण परिशीलन किया गया।

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित–08.10.2022 को अपास्त करते हुए अभियुक्त छत्रपाल को अपराध आरोपों से उन्मोचित कर दिया गया है। माननीय उच्च न्यायालय के सम्मानित आदेश के अनुक्रम में अभियुक्त छत्रपाल के विरूद्ध इस वाद की कार्यवाही को आगे अग्रसारित किये जाने का कोई औचित्य नहीं है। तद्नुसार अभियुक्त छत्रपाल के विरूद्ध इस वाद की कार्यवाही उसके उन्मोचित हो जाने के अनुक्रम में समाप्त की जाती है।

शेष अभियुक्तगण के विरूद्ध वाद की कार्यवाही पूर्ववत् अग्रसारित रहेगी।

पत्रावली वास्ते साक्ष्य दिनांक–23.12.2022 को प्रस्तुत हो।

(राजीव कुमार पालीवाल)
अपर सत्र न्यायाधीश, (कोर्ट नं0–1)
महोबा।

Digitally signed by Rajeev Kumar Paliwal
Date: 2022.12.05 14:37:03 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court